दिनांक—19.04.2024
समय—7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :—

- लोकसभा चुनाव के लिये देश की 102 और प्रदेश की 6 सीटो पर मतदान शुरू।
- मतदान केन्द्रो पर सुरक्षा और मतदाताओं की सुविधा के लिए किये गए पुख्ता इंतजाम।
- प्रदेश में आज प्रधानमंत्री की दमोह में रैली। कांग्रेस और अन्य दल भी करेंगे प्रचार।
- प्रदेश में चौथे चरण के नामांकन भरे जाने का सिलसिला जारी। तीसरे चरण के नामांकन का आज अंतिम दिन।

पहला चरण—मतदान—प्रदेश

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू हो गया है। आज देश की 102 सीटों पर मतदान हो रहा है। इनमें प्रदेश की छह लोकसभा सीटों पर भी आज वोट डाले जा रहैं। सुबह से उत्साह के साथ लोग वोट डालने पहुंच रहे हैं।

मध्यप्रदेश में आज सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट और छिंदवाड़ा में सभी वर्गों के लोग उत्साह से वोट डाल रहे हैं। सभी सीटों पर शाम 6 बजे तक और नक्सल प्रभावित बालाघाट में 4 बजे तक मतदान होगा। बालाघाट में नक्सल गतिविधियों के मद्देनजर जबलपुर में एक एयर एंबुलेंस और बालाघाट में एक हेलीकॉप्टर भी तैनात है। प्रदेश में पहले चरण की छह सीटों पर एक करोड़ 13 लाख से ज्यादा मतदाता 88 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला कर रहे हैं। इस चरण में 2 हजार 651 मतदान केंद्र संवेदन शील हैं जबकि 1 हजार 118 पिंक बूथ और 33 दिव्यांग संचालित बूथ हैं। 8 हजार से ज्यादा मतदान केंद्रों पर वेबकॉस्टिंग एवं सीसीटीवी के माध्यम से सतत् निगरानी रखी जा रही है। मप्र में पहले चरम में मंडला से केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और छिन्दवाड़ा से कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ प्रमुख उम्मीदवार हैं।

मतदान दिवस—अपील

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन—2024 के विभिन्न चरणों में मतदान जरूर करने का आह्वान किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भय होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। श्री राजन ने कहा है कि मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। "सक्षम एप" से दिव्यांग मतदाता अपने लिये व्हील चेयर या अन्य जरूरी सहायक उपकरण के लिये अनुरोध कर सकते हैं। बुजुर्गों को कतार में न लगना पड़े, इसके लिए उन्हे पहले मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान केंद्रों में छाया एवं पीने के लिए ठंडा पानी, दवा आदि की समुचित व्यवस्थाएँ की गई हैं।

मतदाताओं की सुविधा के लिये पहले चरण में हो रहे मतदान वाले संसदीय क्षेत्रों में आज सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश रहेगा। मतदान के दिन भारत निर्वाचन आयोग के वोटर टर्न आउट एप और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश की वेबसाइट https://ceomadhyapradesh.nic.in पर मतदान प्रतिशत की जानकारी उपलब्ध रहेगी। इसके माध्यम से नागरिक हर दो घंटे में दर्ज हुए मतदान प्रतिशत के बारे में जानकारी ले सकेंगे।

## मतदाता जागरुकता–प्रदेश

प्रदेश में मतदाता जागरुकता के लिए लगातार कार्यक्रम किए जा रहे हैं। आज भोपाल में सुबह 9:00 बजे वोट क्लब पर दिव्यांग तथा सीनियर सिटीजन की फैन वर्क का आयोजन किया गया है। इसमें दिव्यांग मतदाताओं तथा सीनियर सिटीजन वोटर को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम किया जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के सहयोग से हर बूथ पर लकी ड्रॉ का आयोजन किया जा रहा है। 07 मई को मतदान वाले दिन मतदाता को वोट डालने पर लकी ड्रॉ में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रत्येक बूथ पर तीन इनाम ड्रॉ के माध्यम से निकलें जाएगे। खंडवा में कल नगर निगम चौराहे से महिला वॉकाथन आयोजित हुई। रैली को स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी नीरज पाराशर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। झाबुआ में कल मतदाता जागरूकता के लिए मशाल रैली का आयोजन किया गया। आगरमालवा जिले में चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत कल बैंकों के कर्मचारियों को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई। कटनी में आज मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रायसेन में नगर पालिका परिषद के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा घर–घर जाकर मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान करने के संकल्प पत्र भरवाए जा रहे हैं।

## जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

## चुनाव प्रचार–प्रदेश

प्रदेश में प्रचार अभियान चरम पर है। भाजपा, कांग्रेस, बसपा,सपा के साथ साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी जी जान से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मध्य प्रदेश में दमोह जिले के दौरे पर रहेंगे। वे दमोह जिले के इमलाई ग्राम ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खजुराहो व नर्मदापुरम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा खजुराहो, दमोह एवं पन्ना, कैलाश विजयवर्गीय मैहर, सतना, बिरसिंहपुर और प्रहलाद पटेल आज दमोह में प्रचार करेंगे। वहीं, प्रदेश

कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह सागर और शिवपुरी का संयुक्त दौरा करेंगे।

चौथा चरण–नामांकन

इस बीच प्रदेश में चौथे चरण के लिए नामांकन भरने का सिलसिला कल से शुरू हो गया है। कल पहले दिन 7 अभ्यर्थियों ने 12 नाम निर्देशन–पत्र प्रस्तुत किये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा क्षेत्र उज्जैन में 2 नाम निर्देशन–पत्र, मंदसौर में 3, रतलाम में 2, इंदौर में 2 और खण्डवा में 3 नाम निर्देशन–पत्र दाखिल किये गये। जबकि देवास, धार, खरगौन में कोई नाम निर्देशन–पत्र दाखिल नहीं किया गया। अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। वहीं तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन–पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। अब तक 83 अभ्यर्थियों द्वारा 124 नामांकन पत्र भरे जा चुके हैं। कल चौथे दिन 33 अभ्यर्थियों ने 46 नाम निर्देशन–पत्र प्रस्तुत किये। तीसरे चरण में 9 सीटों पर 7 मई को मतदान होगा।

आईपीएल–क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल रात चंडीगढ़ में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को नौ रन से पराजित कर दिया। 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की टीम 19 ओवर और एक गेंद पर 183 रन पर आउट हो गई।

आज लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। मैच, शाम साढे सात बजे शुरू होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- लोकसभा चुनाव के लिए मंडला में मतदान अधिकारी मनीराम कांवरे की मृत्यु पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री राजन ने बताया है कि मृतक के परिवार को 15 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि और पात्र सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति देने को कहा है।
- शिवपुरी जिले में लोकसभा चुनाव के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण आज एमयू हॉल, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी सतनवाड़ा में आयोजित किया जाएगा।
- आगरमालवा जिले के ग्राम ग्राम थड़ौदा मे आगामी 23 अप्रैल को 3 नाबलिक लड़की एवं 1 नाबालिक लड़के का विवाह होने की पूर्व सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिवारजनों को समझा कर विवाह रुकवाया।
- प्रदेश में आज कई स्थानों पर बादल छाये हुए हैं। उज्जैन में आज सुबह बूंदाबांदी भी हुई।

——————————————

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) चुनाव प्रचार-प्रदेश

**प्रदेश में प्रचार अभियान चरम पर है। भाजपा, कांग्रेस, बसपा,सपा के साथ साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी जी जान से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता और**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मध्य प्रदेश में दमोह जिले के दौरे पर रहेंगे। वे दमोह जिले के इमलाई ग्राम ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खजुराहो व नर्मदापुरम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा खजुराहो, दमोह एवं पन्ना, कैलाश विजयवर्गीय मैहर, सतना, बिरसिंहपुर और प्रहलाद पटेल आज दमोह में प्रचार करेंगे। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह सागर और शिवपुरी का संयुक्त दौरा करेंगे।

(2) पहला चरण मतदान-प्रदेश

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू हो गया है। आज देश की 102 सीटों पर मतदान हो रहा है। इनमें प्रदेश की छह लोकसभा सीटों पर भी आज वोट डाले जा रहें। सुबह से उत्साह के साथ लोग वोट डालने पहुंच रहे हैं।

मध्यप्रदेश में आज सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट और छिंदवाड़ा में सभी वर्गों के लोग उत्साह से वोट डाल रहे हैं। सभी सीटों पर शाम 6 बजे तक और नक्सल प्रभावित बालाघाट में 4 बजे तक मतदान होगा। बालाघाट में नक्सल गतिविधियों के मद्देनजर जबलपुर में एक एयर एंबुलेंस और बालाघाट में एक हेलीकॉप्टर भी तैनात है। प्रदेश में पहले चरण की छह सीटों पर एक करोड़ 13 लाख से ज्यादा मतदाता 88 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला कर रहे हैं। इस चरण में 2 हजार 651 मतदान केंद्र संवेदन शील हैं जबकि 1 हजार 118 पिंक बूथ और 33 दिव्यांग संचालित बूथ हैं। 8 हजार से ज्यादा मतदान केंद्रों पर वेबकॉस्टिंग एवं सीसीटीवी के माध्यम से सतत् निगरानी रखी जा रही है। मप्र में पहले चरम में मंडला से केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और छिन्दवाड़ा से कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ प्रमुख उम्मीदवार हैं।

(3) चौथा चरण - नामांकन

इस बीच प्रदेश में चौथे चरण के लिए नामांकन भरने का सिलसिला कल से शुरू हो गया है। कल पहले दिन 7 अभ्यर्थियों ने 12 नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा क्षेत्र उज्जैन में 2 नाम निर्देशन-पत्र, मंदसौर में 3, रतलाम में 2, इंदौर में 2 और खण्डवा में 3 नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये गये। जबकि देवास, धार, खरगौन में कोई नाम निर्देशन-पत्र दाखिल नहीं किया गया। अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत

निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। वहीं तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। अब तक 83 अभ्यर्थियों द्वारा 124 नामांकन पत्र भरे जा चुके हैं। कल चौथे दिन 33 अभ्यर्थियों ने 46 नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किये। तीसरे चरण में 9 सीटों पर 7 मई को मतदान होगा।

(4) मतदाता जागरुकता-प्रदेश

प्रदेश में मतदाता जागरुकता के लिए लगातार कार्यक्रम किए जा रहे हैं। आज भोपाल में सुबह 9::00 बजे वोट क्लब पर दिव्यांग तथा सीनियर सिटीजन की फैन वर्क का आयोजन किया गया है। इसमें दिव्यांग मतदाताओं तथा सीनियर सिटीजन वोटर को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम किया जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के सहयोग से हर बूथ पर लकी ड्रॉ का आयोजन किया जा रहा है। 07 मई को मतदान वाले दिन मतदाता को वोट डालने पर लकी ड्रॉ में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रत्येक बूथ पर तीन इनाम ड्रॉ के माध्यम से निकलें जाएगे। खंडवा में कल नगर निगम चौराहे से महिला वॉकाथन आयोजित हुई। रैली को स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी नीरज पाराशर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। झाबुआ में कल मतदाता जागरूकता के लिए मशाल रैली का आयोजन किया गया। आगरमालवा जिले में चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत कल बैंकों के कर्मचारियों को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई। कटनी में आज मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रायसेन में नगर पालिका परिषद के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान करने के संकल्प पत्र भरवाए जा रहे हैं।

--------------------------------------